# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तिजारा जिला खैरथल–तिजारा (राज0)

उक्त वाद/प्रार्थना पत्र/अपील का निर्णय/निस्तारण दिनांक 20.7.2023 को किया जा चुका है।

उपखण्ड अधिकारी
तिजारा(खैरथल–तिजारा)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तिजारा (अलवर) राज0
## पीठासीन अधिकारी महेन्द्र सिंह (आर0ए0एस0)

| मुकदमा नम्बर | तारीख दायर | तारीख फैसला |
| --- | --- | --- |
| 438 / 2022 | 09.06.2022 | 20/07/2022 |

उनवान

रामचन्द्र पुत्र श्री हरबक्ष

रणवीर

बलबीर

नरेश पुत्रान स्व. श्री जीसुख

हुकम पुत्र सम्पत

शिवचरण

07. महेश पुत्रान स्व. श्री रामसिंह

08. रमेश

09. सुरेश पुत्रान श्री गोन्दा जाति मेघवाल निवासीगण ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान)

:: वादीगण

**बनाम**

01. राज्य सरकार जरिये पैरोकार भूमिधारी तहसीलदार, तिजारा जिला अलवर (राज0)

:: प्रतिवादी

दावा इश्तकरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज वो हुक्मइम्तनाई दवामी
अन्तर्गत धारा 88, 89 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थित

01. श्री कुलदीप आहूजा एडवोकेट (वादीगण)

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण में सूक्ष्म वृतान्त इस प्रकार है कि वादी ने यह वाद इश्तकरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज वो हुक्मइम्तनाई दवामी अन्तर्गत धारा 88, 89 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि साबिक आराजी खसरा नम्बर 586 रकबा 23 बीघा व 557 रकबा 3 बिस्वा वाके ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा में स्थित है। जिसके हाल आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा पैमुद किये गये है। वर्णित आराजी इस वाद में विवादित आराजी कहलावेगी। साबिक आराजी खसरा नम्बर 586 रकबा 23 बीघा, जिसके हाल आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा है, में से अन्य आराजीयात के साथ साथ साबिक आराजी खसरा नम्बर 586 रकबा 2 बीघा 18 बिस्वा रकबा की खातेदारी जरिये सनद पट्टा संख्या 1386 दिनांक 16.08.1986 को तहसीलदार कम मैनेजिंग आफिसर, तिजारा द्वारा मिन वादीगण संख्या 1 लगायत 5 समभाग 1/2 भाग व वादीगण संख्या 6 लगायत 9 समभाग 1/2 भाग जारी कर दिया गया व खातेदारी हकूक प्रदान कर दिये गये। जिसका नामान्तकरण संख्या 353 भी मिन

उपखण्ड अधिकारी

संख्या 1 लगायत 5 समभाग 1/2 भाग व वादीगण संख्या 6 लगायत 9 समभाग 1/2 भाग में मंजूर हो गया। उपरोक्त अनुसार बतौर खातेदार काश्तकार का अमल राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में या गया। मिन वादी अपनी आराजी पर काबिज व दाखिल रहा है तथा मौके पर मिन वादी का अपनी ी पर वास्तविक कब्जा है। हाल आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा में से 1 बीघा 5 रकबा सतेन्द्र पुत्र फूलसिंह को आवंटित कर पट्टा दिया गया था परन्तु सतेन्द्र पुत्र श्री फूलसिंह के तकरण संख्या 330 में पटवारी हल्का की गलती से रकबा 23 बीघा 03 बिस्वा रकबा दर्ज कर दिया। कारण से उपरोक्त आवंटीगण के नामान्तकरण संख्या 353 का अमल राजस्व रिकार्ड से हटा दिया तत्पश्चात सतेन्द्र पुत्र श्री फूलसिंह द्वारा अपने नामान्तकरण संख्या 330 की अपील माननीय श्रीमान रिक्त जिला कलक्टर महोदय अलवर के आदेश से सतेन्द्र पुत्र फूलसिंह के नामान्तकरण संख्या 330 में आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा में से 1 बीघा 5 बिस्वा शुद्ध कर सतेन्द्र पुत्र सिंह के नाम 1 बीघा 5 बिस्वा का दर्ज कर दिया गया परन्तु मिन वादी का अंकन प्रतिवादी तहसीलदार बहाल नहीं किया गया है तथा उक्त आराजी के गलत रूप से चार नम्बर हाल आराजी खसरा नम्बर रकबा 4.79 है0 व 486/692 रकबा 0.25 है0, 486/697 रकबा 0.40 है0, 486/709 रकबा 0.40 है0 न किता 4 कुल रकबा 1.05 है0 दर्ज कर दिये। जबकि उक्त भूमि में गलत रूप से अंकन गैरखातेदारान . तीस घर दर्ज कर दिया। जो अंकन उपरोक्त अनुसार गलत दर्ज चला आ रहा है। जो खिलाफ मौका, लाफ रिकार्ड है, जो मिन वादी के हकूकों के खिलाफ आरम्भ से ही बातिल वो बेअसर है, नाकाबिले बन्दी है। जिसे मिन वादी इसी कदर बातिल वो बेअसर करार दिलाकर विवादित आराजी के 2 बीघा 18 स्वा के वादीगण संख्या 1 लगायत 5 समभाग 1/2 भाग व वादीगण संख्या 6 लगायत 9 समभाग 1/2 ाग के खातेदार काश्तकार घोषित कराने का अधिकारी है तथा गलत को दुरूस्त कराकर विधि विरूद्ध रीके से पैमुद किये गये बंटे नम्बरो को हटवाकर हाल आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा ानि 5.84 है0 में से 1 बीघा 18 बिस्वा का खातेदार काश्तकार जरिये पट्टा संख्या 1386 व नामान्तकरण संख्या 353 के अनुसार इश्तकरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज की डिक्री प्राप्त करने का अधिकारी है।

दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया जाकर जवाब दावा प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 ने अपना जवाब प्रस्तुत किया गया। जो शामिल पत्रावली की गई। वादी द्वारा साक्ष्य के रूप में शपथ पत्र रामचन्दर पुत्र हबडू जाति मेघवाल निवासी ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर, मनोहरलाल पुत्र गिरधारी जाति मेघवाल निवासी ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर पेश किया गया जो शामिल पत्रावली किये गये।

वादी अपनी दौराने अपनी बहस वाद के तथ्यों को दौहराया गया है। वादी के वाद को डिक्री किये जाने का निवेदन किया गया।

यह कि प्रकरण में निम्न तनकीयात कामय की गई।

**तनकी नम्बर 1** – आया वादी मुताबिक सनद पट्टा व नामान्तकरण, आराजी का खातेदार है, जो इसी कदर स्वयं को खातेदार घोषित कराकर अपने नाम का अंकन कराने का अधिकारी है।

**–– जिम्मे वादी**

न 2 – क्या वादी, प्रतिवादी को वांछित डिक्री मुताबिक दावा से पाबन्द कराने का अधिकारी है।

— जिम्मे वादी

न 3 – क्या वादी का दावा काबिले खारिज है।

— जिम्मे प्रतिवादी

न 4 – अनुतोष।

यह कि वादीगण को वांछित सनद पट्टा भूमि आवंटित की जाकर नामान्तकरण संख्या मंजूर किया जिसका अमल भी राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में कर दिया गया। परन्तु माननीय अतिरिक्त जिला महोदय के यहां दौरान इन्तकाल संख्या 330 की अपील होने से व निर्णय होने से उपरोक्त राजस्व से वादीगण के नाम का अंकन हटा दिया गया। नामान्तकरण संख्या 330 का कोई संबंध व सरोकार की आराजी से नहीं है एवं ना ही माननीय अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय के निर्णय से का रकबा प्रभावित होता है परन्तु पटवारी हल्का की गलती से वादीगण का अंकन रकबा से हटा गया। प्रतिवादी द्वारा अपने जवाब में किसी प्रकार का विरोधाभासी कथन वाद के विपरीत में नहीं कहा परन्तु वाद में वादी सनद पट्टा व राजस्व रिकार्ड की पुष्टि की है एवं यह अंकित किया है कि वादीहित प्रभावित नहीं है जिस कारण से वादी का वाद डिक्री किये जाने योग्य पाया जाता है। तनकी 1 पूर्णतया वादी के पक्ष में साबित है चूंकि प्रतिवादी राज्य सरकार है इसलिए तनकी संख्या 2 की कोई अनुतोष वादीगण को नहीं दिया जा सकता।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर वादीगण को आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 4.79 है0 व /682 रकबा 0.25 है0, 486/687 रकबा 0.40 है0, 486/709 रकबा 0.40 है0 कुल किता 4 कुल रकबा है0 वाके ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान) में मुताबिक सनद पट्टा व नामान्तकरण संख्या 353 के अनुसार 2 बीघा 13 बिस्वा का खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता तदनुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावें। पर्चा डिक्री जारी हो।

आदेश सुनाया गया।

(महेन्द्र सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
तिजारा (अलवर) राज०

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तिजारा (अलवर) राज0
## पीठासीन अधिकारी महेन्द्र सिंह (आर0ए0एस0)

| मुकदमा नम्बर | तारीख दायर | तारीख फैसला |
|---|---|---|
| 438 / 2022 | 09-09-2022 | 20/07/2023 |

**उनवान**

1. रामचन्दर पुत्र श्री हबडू
2. रगवीर
3. बलबीर
4. नरेश पुत्रान स्व. श्री जीसुख
05. हुकम पुत्र सम्मन
06. शिवचरण
07. महेश पुत्रान स्व. श्री रामसिंह
08. रमेश
09. सुरेश पुत्रान श्री भोन्दा जाति मेघवाल निवासीगण ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान)

-----:: वादीगण

**बनाम**

01. राज्य सरकार जरिये पैरोकार भूमिधारी तहसीलदार, तिजारा जिला अलवर (राज0)

------:: प्रतिवादी

दावा इश्तकरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज वो हुक्मइम्तनाई दवामी
अन्तर्गत धारा 88, 89 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थित
01. श्री कुलदीप आहूजा एडवोकेट (वादीगण)

**-:: पर्चा डिकी ::-**

आराजी खसरा नम्बर 486 रकबा 4.79 है0 व 486/692 रकबा 0.25 है0, 486/697 रकबा 0.40 है0, 486/709 रकबा 0.40 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 1.05 है0 वाके ग्राम हसनपुर माफी तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान) में मुताविक सनद पट्टा 1386 व नामान्तकरण संख्या 353 के अनुसार 2 वीघा 18 विस्वा का खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तद्नुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावें।